# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

शीघ्रलिपिक / निजी सहायक ग्रेड–II संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के फेज-II
''हिन्दी / अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षण (Hindi/English Shorthand Test)'' परीक्षा के संबंध में

## दिशा–निर्देश

शीघ्रलिपिक / निजी सहायक ग्रेड–II संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के फेज-II की परीक्षा ''हिन्दी / अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षण (Hindi/English Shorthand Test)" दिनांक 29.06.2025 को पुनः ऑनलाइन आयोजित की जा रही है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

1. शीघ्रलिपिक / निजी सहायक ग्रेड–II संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के फेज- II की परीक्षा दिनांक 19.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक आयोजित की गई, उसमें उपस्थित अभ्यर्थियों के लिए ही फेज-II (Hindi/English Shorthand Test) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के पुनः आयोजन हेतु स्कीम निम्नानुसार है :–

| प्रश्न पत्र सं. | विषय | समय | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी ऑडियो क्लिप (Audio Clip) | 10 मिनट | 100 |
| | हिन्दी में प्रतिलेखन एवं टंकण | 70 मिनट | |
| 2 | अंग्रेजी ऑडियो क्लिप (Audio Clip) | 10 मिनट | 100 |
| | अंग्रेजी में प्रतिलेखन एवं टंकण | 60 मिनट | |

फेज-II में अभ्यर्थी उपरोक्त दो प्रश्न पत्रों में से आवेदन के समय चयन की गई भाषा में परीक्षा दे सकेगा अर्थात अभ्यर्थी को केवल ऑनलाइन आवेदन के समय विकल्प के रूप में चयन की गई भाषा में परीक्षा देना अनुमत होगा।

2. आशुलिपि परीक्षण हेतु उपयोग में लिये जाने वाले सॉफ्टवेयर से परिचित कराने हेतु अभ्यर्थियों के अभ्यास हेतु परीक्षा से 01 सप्ताह पूर्व मॉक टेस्ट का लिंक बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा जिसकी सूचना यथासमय पृथक से दे दी जायेगी।
3. किसी अभ्यर्थी को खाँसी / छीकने की शिकायत है तो परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही अभिजागर को सुचित कर दिया जाए।
4. परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप, परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्यांकन संबंधी मानदंड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे:–

## आशुलिपि परीक्षण के सामान्य दिशा निर्देश

- हिन्दी / अंग्रेजी की मुख्य श्रुतलेख ऑडियों क्लिप 10 मिनट के लिए चलायी जायेगी। किसी भी परिस्थिति में ऑडियों क्लिप दुबारा नहीं चलाई जावेगी।
- हिन्दी / अंग्रेजी की ऑडियों क्लिप 100 शब्द प्रति मिनट की स्पीड से चलायी जायेगी।
- अभ्यर्थी स्वयं द्वारा आवेदन के समय चुनी गई भाषा की ऑडियों क्लिप सुनकर उसका श्रुतिलेखन करेगा।
- मॉक टेस्ट (Mock Test ) / ट्रायल हेतु 05 मिनट का समय दिया जावेगा। जिसमें 01 मिनट की ऑडियों क्लिप, 01 मिनट लॉगिन व 03 मिनट का समय टंकण हेतु दिया जावेगा।
- मुख्य श्रुतलेख से पूर्व ट्रायल गद्यांश (Passage) का श्रुतलेख ऑडियो सिस्टम के माध्यम से उसी गति से चलाया जायेगा जो गति मुख्य श्रुतलेख के लिए निर्धारित है। ट्रायल गद्यांश आवश्यकतानुसार एक से अधिक बार चलाया जा सकता है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2025.06.18 17:46:14 IST
Reason: Approved

- ट्रायल गद्यांश (Passage) के प्रतिलेखन की आवश्यकता नहीं है एवं ना ही इस प्रतिलेखन एवं टंकण का मूल्यांकन किया जायेगा।
- ट्रायल गद्यांश (Passage) के पश्चात मुख्य श्रुतलेख ऑडियो सिस्टम से चलाया जायेगा जिसको परीक्षा स्थल पर उपलब्ध कराई गई नोटबुक में संकेत लिपि में लिखना होगा।
- श्रुतलेख में अर्द्ध विराम को कोमा ( , ), पूर्ण विराम को स्टॉप तथा अनुच्छेद परिवर्तन (पैराग्राफ चेंज/नैक्स्ट पैराग्राफ) को पैरा बोला जाएगा।
- अभ्यर्थियों को हिन्दी/अंग्रेजी के प्रतिलेखन एवं टंकण कुल 1000 (100 शब्द प्रति मिनट x 10 मिनट) शब्दों का होगा। मुख्य श्रुतलेख तथा श्रुतिलेख का प्रतिलेखन एवं टंकण के मध्य 10 मिनट का समय दिया जावेगा।
- अभ्यर्थी स्वयं द्वारा लिखे गये श्रुतिलेख का प्रतिलेखन एवं टंकण कम्प्यूटर पर करेगा।
- हिन्दी भाषा के लिये प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु 70 मिनट का समय दिया जायेगा।
- अंग्रेजी भाषा के लिये प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु 60 मिनट का समय दिया जायेगा।
- अंग्रेजी/हिन्दी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.1 अंक निर्धारित होंगे।
- परीक्षा के दौरान Alt Key का उपयोग किया जाना अनुमत होगा।
- बोर्ड, किसी ऐसे अभ्यर्थी की सिफारिश नहीं करेगा जिसने शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड–II के पद के लिए, प्रतियोगिता परीक्षा के चरण–II में वैकल्पिक प्रश्न–पत्र में 20% से अधिक भूल/गलती की हो। तथापि, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों प्रवर्ग के अभ्यर्थियों को चरण–II में वैकल्पिक प्रश्न पत्र में अधिकतम अनुज्ञात भूल/गलती में, 5% तक शिथिलकरण किया जायेगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा किये गये प्रतिलेखन एवं टंकण कार्य के मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना प्रक्रिया में निम्नांकित त्रुटियों के अंक नहीं दिये जायेंगे :–
  - गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
  - वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना
  - शब्दों या अंकों के स्थान पर दूसरे शब्दों या अंकों का प्रतिस्थापन करना
  - वर्णों, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
  - अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
  - हिन्दी में मात्राओं का गलत प्रयोग करना
- अंग्रेजी प्रतिलेखन एवं टंकण के लिए **"Calibri"** एवं हिन्दी के लिए "DevLys 010" फोंट (Font) का प्रयोग किया जायेगा।
- हिंदी त्रुटियों के संबंध में स्पष्टीकरण एवं उदाहरण :–
  1. पुनरुक्त शब्दों में योजक चिह्न (हाइफन) के प्रयोग को सही माना जाएगा। जैसे :– वैसे–वैसे, जैसे–जैसे, धीरे–धीरे, पात–पात, डाल–डाल, अलग–अलग, घर–घर आदि शब्द सही हैं।
  2. हिन्दी में त्रुटियॉ के कुछ उदाहरण निम्नानुसार हैः–


| **शुद्व शब्द** | **अशुद्व शब्द** |
|---|---|
| हंस | हँस, हन्स |
| हँसना | हंसना, हन्सना |
| आस–पास | आसपास |
| अलग–अलग | अलग अलग, अलग–2 |
| दीजिए | दीजिये |

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2025.06.18 17:46:14 IST
Reason: Approved

3. यदि डिक्टेशन में कोई संख्या आती है तो उसे अंकों में, शब्दों में अथवा मिश्रित रूप से लिखा जा सकता है। उदाहरण स्वरूप 10200 को संख्या के रूप में 10,200, शब्दों में दस हजार दो सौ एवं मिश्रित रूप में 10 हजार 2 सौ लिखा जा सकता है। लेकिन अनिश्चित संख्याओं को शब्दों में ही लिखा जाए। उदाहरण स्वरूप – करोड़ों लोग, कई हजार घोड़े, लाखों लोग।
4. समय लिखने के संबंध में दोनों पद्धतियों को सही माना जाएगा। जैसे– साढ़े पाँच बजे, 5:30 बजे।
5. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित निर्देशिका 'देवनागरी लिपि एवं हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' के अनुसार मानक शब्द यथा– उद्‌देश्य, व्यक्ति, उत्पन्न, प्रवृत्तियों को सही शब्द माना गया हैं। उक्त मानक शब्दों को Alt key का उपयोग कर लिखे जाने वाले शब्द जैसे– उद्देश्य, व्यक्ति, उत्पन्न, प्रवृत्तियों को भी सही शब्द माना जाएगा।

**Hindi Keyboard**




नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड ( Keyboard) की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) हो सकती है। उक्त की–बोर्ड ( Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यर्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु उपयोग करना है।

- अभ्यर्थी को आशुलिपि परीक्षण की परीक्षा देना अनिवार्य है अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।
- परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।
- अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कम्प्यूटर पर Login करके अभ्यास परीक्षण (Pratice Test) में अपने की–बोर्ड एवं माउस का परीक्षण करके सुनिश्चित कर लेवें कि की–बोर्ड एवं माउस पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें हैं अथवा नहीं तथा यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढ़ंग से कार्य कर रहा है अथवा नहीं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा समाप्ति के पश्चात् इस संबंध में शिकायत करने पर कोई कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा।
- यदि किसी अभ्यर्थी को आशुलिपिक परीक्षण के संबंध में कोई शिकायत हो तो तत्समय ही अपने कक्ष के अभिजागर को अवगत करा दें ताकि उसी समय निस्तारण किया जा सके। परीक्षा समाप्ति के पश्चात् किसी अभ्यावेदन/शिकायत पर विचार नहीं किया जावेगा।
- आशुलिपि परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जायेगा।

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2025.06.18 17:46:14 IST
Reason: Approved

- अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रूकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये दिशानिर्देशानुसार पूर्ण रूप से सही टाईप/प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।
- परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।
- अभ्यर्थी अपना कोई की–बोर्ड एवं कोई की–बोर्ड स्टीकर साथ लेकर नहीं आवें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के की–बोर्ड स्टीकर की अनुमति नहीं है।
- कम्प्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- परीक्षा के दौरान Control (Ctrl) Key का उपयोग नहीं करें।
- प्रतिलेखन एवं टंकण के समय यदि अभ्यर्थी ने किसी शब्द को गलत टंकित कर दिया है और वह उसमें सुधार करना चाहता है तो Back-Space का उपयोग कर उसे सुधार सकता है।
- प्रतिलेखन एवं टंकण के समय किसी भी प्रकार के Tools जैसे Spell Check, Auto Correct इत्यादि का उपयोग वर्जित होगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि दिये गये श्रुतलेख का ध्यानपूर्वक प्रतिलेखन एवं टंकण करे।
- सम्पूर्ण आशुलिपि परीक्षण परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
- परीक्षा के दौरान अभ्यास परीक्षण के समय अभ्यर्थी द्वारा जांच किये गये की–बोर्ड की कोई कुंजी (Key) काम नहीं करने की स्थिति में की–बोर्ड बदलने में लगे समय के एवज में अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
- यदि किसी कारण से परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर अथवा सॉफ्टवेयर काम करना बंद कर देता है तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करें जिसकी जाँच पश्चात् आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थी को दूसरे कम्प्यूटर पर बैठाया जायेगा एवं पूर्व में अभ्यर्थी द्वारा किये गये रक्षित (Saved) कार्य से पुनः कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा तथा सिस्टम से अभ्यर्थी को बाधित समय के आधार पर सिस्टम जनित Auto Grace Time (रियायत समय) दिया जायेगा।
- संकेत लिपि के अतिरिक्त अन्य भाषा/लिपि में लिखे गए श्रुतलेख को नहीं जांचा जाएगा। नोटबुक में अभ्यर्थी को रोल नम्बर, हस्ताक्षर एवं वांछित प्रविष्टियाँ निर्धारित स्थान पर करनी होगी। श्रुतलेख लिखने हेतु नोटबुक परीक्षा स्थल पर उपलब्ध करायी जायेगी जिसे अभ्यर्थी को परीक्षा के उपरान्त अभिजागर को वापिस जमा कराना होगा। अभ्यर्थी श्रुतलेख हेतु पेन्सिल एवं रबर अपने साथ लेकर उपस्थित होवें।
- अभ्यर्थी लेब/परीक्षा कक्ष को परीक्षा उपरान्त वीक्षक की अनुमति से ही छोडेंगे।
- आशुलिपि परीक्षण से पूर्व निर्धारित समय पर श्रुतलेख लिखने हेतु सामान्यतः ऑडियों क्लिप में निर्धारित प्रश्न पत्र सुनाया जायेगा।
- <u>श्रुतलेख के समय किसी अभ्यर्थी को बोलने की अनुमति नहीं होगी यदि किसी के बोलने से व्यवधान होता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा से बाहर करते हुये उसे डिबार किये जानी की कार्यवाही की जा सकती है।</u>
- किसी अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने पर अभ्यर्थी / अभ्यर्थियों को परीक्षा से बाहर करते हुये उसे/उन्हें डिबार किये जाने की कार्यवाही की जा सकती है।
- परीक्षा स्थल पर वीक्षक द्वारा मौखिक अथवा ऑडियों सिस्टम द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों की पालना अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से करनी होगी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2025.06.18 17:46:14 IST
Reason: Approved

- परीक्षार्थी के एक बार परीक्षा कक्ष/लेब में प्रवेश करने के पश्चात् उसे परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष/लेब छोड़ने की अनुमति नही होगी।
- अभ्यर्थी आशुलिपि परीक्षण के प्रत्येक गतिविधि हेतु निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखें अन्यथा निर्धारित समय समाप्त होने के पश्चात गतिविधि की समय सीमा स्वतः ही समाप्त हो जायेगी एवं न ही उसके लिये कोई अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
- बैंचमार्क निर्योग्यता वाले व्यक्तियों को चरण–II में आशुलिपिक परीक्षण में लेखक की सुविधा अनुज्ञेय नहीं होगी। बैंचमार्क निर्योग्यता वाले व्यक्तियों में प्रवर्ग 'अंधता और अल्प दृष्टि' को आशुलिपि श्रुतिलेख लेने के लिए स्वयं की स्लेट/मशीन लाने के लिए अनुज्ञात किया जावेगा।
- चरण–II परीक्षा में बैंचमार्क निर्योग्यता वाले व्यक्तियों को कम्प्यूटर पर श्रुतिलिखित गद्यांश के प्रतिलेखन एवं टंकण के लिए परीक्षा के 15 मिनट का प्रतीकरात्मक समय दिया जावेगा।

**सचिव**

क्रमांकः प.8(106)/RSSB/प.अ./शीघ्रलिपिक फेज-II/2024/ दिनांकः

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
2. रक्षित पत्रावली।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2025.06.18 17:46:14 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 15978656